भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या** 279
बुधवार, 16 मार्च, 2016 को उत्तर देने के लिए

**प्रौद्योगिकी विकास निधि**

***279. श्री दुष्यंत चौटाला:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने निजी उद्योगों और अनुसंधान संस्थानों द्वारा स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के वाणिज्यिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी विकास निधि का गठन किया है;
(ख) यदि हां, तो निधि के उद्देश्य क्या हैं और गत तीन वर्षों के दौरान प्रौद्योगिकी विकास निधि द्वारा समर्थित परियोजनाओं की संख्या कितनी है; और
(ग) प्रौद्योगिकी विकास निधि के अंतर्गत आबंटन को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ?

उत्तर
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(डॉ. हर्ष वर्धन)

(क) से (ग ) : एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**प्रौद्योगिकी विकास निधि के संबंध् में लोकसभा में दिनांक 16.03.2016 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न सं. 279 के भाग (क ) से (ग ) के उत्तर मेंउल्लिखित विवरण**

(क ) जी, नहीं । सरकार ने निजी उद्योगों और अनुसंधान संस्थानों द्वारा स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के वाणिज्यीकरण को बढ़ावा देने के लिए अब तक कोई प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) का गठन नहीं किया है। तथापि, भारत सरकार ने प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड अधिनियम, 1995 के माध्यम से स्वदेशी प्रौद्योगिकी के वाणिज्यिक अनुप्रयोग का प्रयास करने वाले अथवा वृहत घरेलू अनुप्रयोग के लिए आयातित प्रौद्योगिकी अपनाने वाले औद्योगिक प्रतिष्ठानों और अन्य एजेंसियों को इक्विटी पूंजी अथवा कोई अन्य वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डी एस टी ) के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय के रूप में प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड का गठन किया है। टी डी बी की स्थापना संबंधी कानून दिनांक 1 सितम्बर, 1996 से लागू हो गया है।

उपर्युक्त अधिनियम की धारा 9 में प्रौद्योगिकी विकास और अनुप्रयोग निधि (टी डी ए एफ ) के गठन का प्रावधान है जिसमें बोर्ड के लिए किसी अनुदान अथवा ऋण, किसी अन्य -ोत से बोर्ड द्वारा प्राप्त धनराशि, निधि से प्रदत्त राशि की वसूली से प्राप्त धनराशि अथवा टीडी बी द्वारा किए गए निवेश में से आय जमा की जाएगी।

चूंकि अधिनियम में यथाकल्पित टी डी ए एफ अस्तित्व में नहीं आ सका, इसलिए इसकी शुरूआत से लेकर अब तक आर एंड उपकर के रूप में अबतक संकलित कोई निधियां टीडीबी को उपलब्ध नहीं कराई गई है। टीडीबी डी एस टी से इसके योजनेतर बजट में से सहायता अनुदान के रूप में निधियां प्राप्त कर रहा है। वर्ष 1996 में अपनी शुरूआत से लेकर दिनांक 29 फरवरी, 2016 तक टी डी बी को इस माध्यम से 559.17 करोड़ रूपए प्राप्त हुए तथा लगभग 324 प्रोजेक्टों/हस्ताक्षरित करारों को सहायता करते हुए अपने आंतरिक वित्तीय प्रबंधन से 1298.11 करोड़ रूपए संवितरित किए हैं।

(ख ) और (ग ) : प्रश्न नहीं उठता ।

****

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या** 3003
बुधवार, 16 मार्च, 2016 को उत्तर देने के लिए

**महिला वैज्ञानिक छात्रवृत्ति योजना**

**3003. श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी:**
**डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक':**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला वैज्ञानिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत विज्ञान के क्षेत्र में महिला वैज्ञानिकों को प्रोत्साहन/नामांकन में कितनी सफलता मिली है;
(ख) क्या देश में महिला वैज्ञानिकों को प्रोत्साहन देने की किसी योजना की परिकल्पना की गई है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या निजी क्षेत्र में महिला वैज्ञानिकों को प्रोत्साहन देने की कोई योजना है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) गत तीन वर्षों के दौरान सभी छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत छात्रवृत्ति के रूप में वर्ष-वार कुल कितनी धनराशि संवितरित की गई है ?

**उत्तर**
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री वाई. एस. चौधरी)

**उत्तर**
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री वाई. एस. चौधरी)

(क) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा चलाई जा रही इसकी महिला वैज्ञानिक छात्रवृति स्कीम के अंतर्गत 3850 से अधिक महिला वैज्ञानिकों को सफलतापूर्वक सहायता प्रदान की है। इसके अतिरिक्त, 200 से अधिक (नियोजित और बेरोजगार) महिला वैज्ञानिकों को जैवप्रौद्योगिकी विभाग की जैवप्रौद्योगिकी करिअर संवर्धन तथा पुन:स्थापन कार्यक्रम (बायो-केयर) स्कीम के अंतर्गत सहायता दी गई है।

(ख) जी, हाँ। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) ने 27-57 वर्ष के आयु वर्ग की उन महिला वैज्ञानिकों एवं प्रौद्योगिकीविदों के लिए जिन्होंने करिअर में ब्रेक लिया और जो विज्ञान की मुख्यधारा में वापिस आने और प्रतिष्ठित वैज्ञानिक के रूप में कार्य करने की इच्छुक हैं, के लिए महिला वैज्ञानिक स्कीम जिसे अब किरण (प्रशिक्षण के माध्यम से अनुसंधान संवर्धन में ज्ञान की सहभागिता) के नाम से जाना जाता है, शुरू की है। इस स्कीम के अंतर्गत , महिला वैज्ञानिकों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अग्रणी क्षेत्रों में अनुसंधान करने और स्व-रोजगार/उद्यमितावृत्ति के बाद बौद्धिक संपदा अधिकार क्षेत्र में

विज्ञान और प्रौद्योगिकी आधारित प्रशिक्षुतावृत्ति लेने के अलावा सामाजिक प्रासंगिकता की समस्याओं/मुद्दों के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2009 में, डीएसटी ने ऐसी महिलाओं जो उच्च शिक्षा लेने तथा इसके बाद विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करिअर बनाने की इच्छा रखती हैं, को सुविधा देने के उद्देश्य से देश के महिला-विशेष विश्वविद्यालयों में उनकी आर एण्ड डी अवसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम-महिला विश्वविद्यालयों में नवोन्मेष एवं उत्कृष्टता के लिए विश्वविद्यालय अनुसंधान का समेकन-(सीयूआरआईई) की शुरूआत की है। जैवप्रौद्योगिकी अनुसंधान में महिला वैज्ञानिकों की प्रतिभागिता को बढ़ाने के उद्देश्य से जैवप्रौद्योगिकी विभाग ने महिला वैज्ञानिकों के लिए जैवप्रौद्योगिकी करिअर संवर्धन और पुनःस्थापन कार्यक्रम (बायो-केयर) आरंभ किया है। यह मुख्य रूप से नियोजित/बेरोजगार महिला वैज्ञानिकों के करिअर विकास के लिए है। यह स्कीम जीवन विज्ञान/जीवविज्ञान के सभी क्षेत्रों के लिए लागू है।

(ग) जी, हाँ। डीएसटी के किरण कार्यक्रम की महिला वैज्ञानिक स्कीम-सी (डब्ल्यूओएस-सी) के अंतर्गत उन महिला वैज्ञानिकों, जो आईपीआर विशेषज्ञ के रूप में करिअर अपनाना चाहती हैं, को बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआरएस) के क्षेत्र में एक वर्षीय प्रशिक्षण दिया जाता है। इस स्कीम की शुरूआत से, डब्ल्यूओएस-सी स्कीम के अंतर्गत चार सौ पाँच (405) महिला वैज्ञानिकों को प्रशिक्षण दिया गया है। उनमें से लगभग 60% ने आईपीआर के क्षेत्र में अपना करिअर शुरू किया है तथा अग्रणी आईपीआर अटॉर्नी फर्मों, सरकारी एजेंसियों के आईपी विभागों, बहुराष्ट्रीय कम्पनियों और ज्ञान प्रसंस्करण संगठनों में कार्य कर रहीं हैं। भारतीय पेटेंट कार्यालय में एक सौ अडतीस (138) महिला वैज्ञानिक 'पेटेंट एजेंट' के रूप में पंजीकृत हैं तथा 12 भूतपूर्व महिला वैज्ञानिकों ने अपनी आईपी अटॉर्नी फर्में और आईपी कंसल्टेंसी/परामर्शी फर्में शुरू की हैं।

(घ) विगत दो वर्षों तथा चालू वित्तीय वर्ष के दौरान महिला वैज्ञानिक स्कीम के अंतर्गत वितरित की गई वर्ष-वार धनराशि नीचे दी गई है:

| वित्तीय वर्ष | वितरित धनराशि |
|---|---|
| 2013-14 | 43 करोड़ |
| 2014-15 | 44 करोड़ |
| 2015-16 | 58 करोड़ |

अभी तक बायोकेयर के अंतर्गत महिला वैज्ञानिकों को प्रदान की गई छात्रवृत्ति सहित कुल 71.20 करोड़ रू. स्वीकृत किए गए हैं।

*******

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या** 3056
बुधवार, 16 मार्च, 2016 को उत्तर देने के लिए

**वैश्विक नवाचार रैंकिंग**

**3056. श्री कोनाकल्ला नारायण राव:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल में सूचना प्रौद्योगिकी और नवाचार फाउण्डेशन (आईटीआईएफ) ने नवाचार रैंकिंग संबंधी ''कंट्रीब्यूटर्स एण्ड डिट्रैक्टर्स: 'रैंकिंग कंट्रीज' इम्पैक्ट ऑन ग्लोबल इनोवेशन'' नामक अपनी रिपार्ट जारी की है तथा कहा है कि भारत अधिकांश वैश्विक नवाचार में निचले पायदान पर है और भारत की नीति ने वैश्विक नवाचार का सर्वाधिक नुकसान किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा वैश्विक नवाचार रैंकिंग में सुधार के लिए उठाए गए उपायों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह सच है कि प्राथमिक और मध्यम शिक्षा क्षेत्र में कम बजटीय आवंटन वैश्विक नवाचार रैंकिंग में भारत के पिछड़ेपन का मुख्य कारण है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री वाई. एस. चौधरी)

(क) और (ख) जी हाँ, सूचना प्रौद्योगिकी और नवाचार फाउंडेशन (आईटीआईएफ) की जनवरी, 2016 में जारी रिपोर्ट के अनुसार 56 देशों का उनकी मौजूदा सार्वजनिक नीतियों के आधार पर मूल्यांकन किया गया है। इन नीतियों का, वैश्विक नवाचार के लिए सहायक अथवा हानिकारक परिप्रेक्ष्य में परीक्षण किया गया तथा यह परीक्षण अपने देश में नवाचार को प्रभावित करने वाले परिप्रेक्ष्य के बिना किया गया । प्रत्येक देश के अंतिम अंक को प्रति व्यक्ति आय के आधार पर सारणीबद्ध किया गया है तथा यह आंकलन 27 घटकों पर निर्भर है जिसमें में 14 घटकों में सकारात्मक प्रभावों के संबंध में कर की दरें तथा ऋण, शिक्षा, विश्व स्तरीय विश्वविद्यालयों, अनुसंधान और विकास निवेश, अनुसंधान उद्धरणों आदि पर व्यय शामिल है और 13 घटकों में वैश्विक नवाचार पर नकारात्मक प्रभाव के संबंध में व्यापार बाधाएं, बौद्धिक संपदा वातावरण, अनुदान, प्रतिबंध आदि शामिल हैं । देशों को विविध कोटियों में समूहबद्ध किया गया है और ब्रिक्स (ब्राजील, रूस और चीन) देशों को नवोन्मेषी व्यापारियों के तहत समूहबद्ध किया गया है। अंकों के आधार पर भारत, व्यापार बाधाओं के अत्यधिक प्रयोग और बौद्धिक संपदा संरक्षण के लिए नीरस वातारण प्रदान के कारण, 54वें पायदान पर है ।

(ग) समर्थ नवाचार पारितंत्र को बनाने के लिए भारत सरकार की बहुत सी नई पहलें पहले ही प्रक्रियाधीन हैं जोकि देश विशिष्ट चुनौतियों और अंतराल क्षेत्रों में से कुछ का समाधान भी करती हैं । भारत सरकार ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के माध्यम से वर्ष 2013 में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार पर नीति का निर्धारण किया है । यह नवोन्मेष के साथ ही साथ विज्ञान, प्रौद्योगिकी के संवर्धन और विकास के संबंध में देश को विश्व स्तर पर लाने के लिए किया गया । भारत ने 2010-20 के दशक को 'नवोन्मेष दशक' के रूप में घोषित किया है । सरकार ने देश में वैज्ञानिक अनुसंधान के संवर्धन और विकास के लिए बहुत से उपाय किए हैं । इन उपायों में, वैज्ञानिक विभागों के लिए योजना आबंटन में नियमित वृद्धि, विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान के लिए नए संस्थानों की स्थापना, राष्ट्रीय संस्थानों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उभरते हुए और अग्रणी क्षेत्रों में अनुसंधान और सुविधाओं के लिए उत्कृष्टता केन्द्रों की स्थापना, अनुसंधान छात्रों और वैज्ञानिकों दोनों के लिए नई और आकर्षक अध्येतावृत्तियों की शुरूआत, अनुसंधान छात्रों के लिए अध्येतावृत्तियों के हाल ही के संतोषजनक संशोधन, विश्वविद्यालयों में अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) के लिए अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण, सार्वजनिक-निजी अनुसंधान और विकास भागीदारी को बढावा देना, अनुसंधान और विकास इकाईयों को मान्यता देना, उद्यमों के लिए उत्कृष्ट अनुसंधान और विकास हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार, प्रौद्योगिकी व्यापार इन्क्यूबेटर तथा नवोन्मेष उद्यमिता विकास केन्द्रों की स्थापना, शामिल हैं ।

हाल ही की राष्ट्रीय पहलें जैसे मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, स्किल इंडिया, स्मार्ट सिटीज़, डिजिटल इंडिया, व्यापार करने की सुविधा पर बल और अवसंरचना विकास, वैश्विक नवाचार रैंकिंग में भारत को उपर ले जाएंगी ।

(घ) और (ड.) जी नहीं, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत विद्यालय शिक्षा और साक्षरता विभाग (एसई और एल), प्राथमिक और मध्यम स्तर पर प्रारंभिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के लिए सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम (एसएसए) का कार्यान्वयन करता है । वर्ष 2015-16 के लिए एसएसए कार्यक्रम के लिए 634021.69 लाख रूपयों का आवंटन किया गया है । अभिप्रेरित अनुसंधान के लिए विज्ञान खोज में नवोन्मेष (इंस्पायर) एक बहु घटकीय कार्यक्रम है जिसका अभिकल्पन और कार्यान्वयन विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा किया गया और इसका लक्ष्य देश के अनुसंधान और विकास आधार को मजबूत बनाने के लिए प्रतिभाओं को आकर्षित करना और विभिन्न पुरस्कारों और अध्येतावृतियों के माध्यम से 10-32 आयुवर्ग की आवश्यकताओं का ध्यान रखना है । उच्च शिक्षा के स्तर पर, अनुसंधान और नवाचार में भारत की निष्पादनता हाल ही के वर्षों में आशाजनक और प्रभावी रही है जोकि इस तथ्य से प्रकट होती है कि स्कोपस डाटाबेस के रूप में वैज्ञानिक प्रकाशनों में भारत की वैश्विक स्थिति, 2005-2013 के दौरान 4.4 प्रतिशत के वैश्विक औसत की तुलना में 13.4 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 2005 में 12वें स्थान से 2013 में छठे स्थान पर, रही । नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की वैश्विक स्थिति 2011 में छठे स्थान से सुधरकर 2013 में तीसरे स्थान पर रही । स्प्रिंगर नेचर की हाल ही की रिपोर्ट ने यह इंगित किया कि भारत विश्व स्तरीय विज्ञान में वृद्धि कर रहा है और हमारा देश विश्व स्तरीय वैज्ञानिक पत्रिकाओं की सूची में दुनिया में 13वें स्थान पर है। सीएसआईआर द्वारा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत पेटेंटों की संख्या में वृद्धि भी नवाचार अंतरण पर सकारात्मक प्रवृत्तियों को दर्शाता है ।

*****

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या** 3083
बुधवार, 16 मार्च, 2016 को उत्तर देने के लिए

**सत्यम**

**3083. श्री राजीव सातव:**
**डॉ. भोला सिंह:**
**श्री धनंजय महाडीक:**
**श्री मोहिते पाटिल विजयसिंह शंकरराव:**
**श्री टी. राधाकृष्णन:**
**श्रीमती सुप्रिया सुले:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने सत्यम (साइंस एंड टेक्नोलॉजी ऑफ योगा एंड मेडिटेशन) नाम से नया कार्यक्रम शुरू किया है;
(ख) यदि हां, तो कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है और इसके लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है;
(ग) क्या सरकार ने उक्त कार्यक्रम हेतु अनुसंधान संस्थाओं और विश्वविद्यालयों की पहचान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) सरकार द्वारा योग और ध्यान में वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए अन्य कदमों का ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री वाई. एस. चौधरी)

(क): जी, हां।

(ख): वर्ष 2015-16 में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डी एस टी ) ने अपने मौजूदा संज्ञानात्मक विज्ञान अनुसंधान पहल (सी एस आर आई ) कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कल्याण के लिए उनसे लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से प्राथमिक रूप से इन पारंपरिक पद्धतियों के वैज्ञानिक वैधीकरण के लिए योग एवं चिन्तन में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को पुनर्जीवित करने के लिए सत्यम (योग एवं चिन्तन का विज्ञान और प्रौद्योगिकी ) आरंभ किया। वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान सत्यम कार्यक्रम के लिए अलग से कोई बजट आबंटन नहीं किया गया है।

(ग): जी नहीं।

(घ ) : विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने अपनी नई पहल-योग एवं चिन्तन का विज्ञान और प्रौद्योगिकी (सत्यम) के अंतर्गत वर्ष 2015 के उत्तरार्द्ध में प्रस्ताव के माध्यम से संबंधित क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किया। डी एस टी द्वारा प्राप्त 578 प्रस्तावों की आरंभिक जांच के बाद दिनांक 21-22 दिसम्बर, 2015को भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, आई एन एस ए नई दिल्ली में आयोजित विशेषज्ञ समूह की बैठक में अनुवर्ती जांच के लिए 98 प्रस्तावों को उपयुक्त पाया गया। इस प्रयोजनार्थ, डी एस टी द्वारा एक कार्य बल गठित किया गया जिसमें संबंधित क्षेत्र के विख्यात विशेषज्ञों को शामिल किया गया।

डॉ. सुब्रत सिन्हा, निदेशक , राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केन्द्र, मानेसर की अध्यक्षता में सत्यम संबंधी कार्य बल की पहली बैठक दिनांक 24-26 फरवरी, 2016 के दौरान राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहंस), बंगलौर में आयोजित की गई जिसमें चयनित प्रस्तावों के प्रधान अन्वेषकों को प्रस्तुतीकरण के लिए बुलाया गया।

*****

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या** 3084
बुधवार, 16 मार्च, 2016 को उत्तर देने के लिए

**इंडियन साइंस कांग्रेस**

**3084. श्री विनायक भाऊराव राऊत:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रधानमंत्री ने हाल ही में 103वीं इंडियन साइंस कांग्रेस में प्रौद्योगिकी विज़न दस्तावेज 2035 का लोकार्पण किया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विज़न दस्तावेज में चिन्हित की गई चुनौतियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का इन चुनौतियों से निपटने के लिए कोई सुधारात्मक कदम उठाने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में तैयार की गई कार्ययोजना का ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री वाई. एस. चौधरी)

(क): जी, हां । प्रौद्योगिकी विज़न 2035 (टी वी 2035 ) प्रलेख को मैसुरू, कर्नाटक में भारतीय विज्ञान कांग्रेस के 103 वें अधिवेशन में दिनांक 3 जनवरी, 2016 को भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा जारी किया गया।

(ख ): टी वी 2035 प्रलेख में वर्ष 2035 में भारतीयों की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को अभिग्रहित किया गया है और निम्नलिखित 12 विशेषाधिकारों के अनुसार उन्हें उल्लिखित करता है :

1. स्वच्छ वायु एवं पेय जल
2. खाद्य एवं पोषण सुरक्षा
3. सबके लिए स्वास्थ्य देखभाल और लोक स्वास्थ्य
4. 24 x 7 ऊर्जा
5. शानदार पर्यावास
6. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आजीविका और सृजनात्मक अवसर
7. सुरक्षित एवं त्वरित आवागमन
8. सार्वजनिक संरक्षा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा
9. सांस्कृतिक विविधता और परिवर्तनशीलता
10. पारदर्शी एवं प्रभावी शासन
11. आपदा एवं जलवायु सहनशीलता
12. पर्यावरण अनुकूल संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधन

इसके अतिरिक्त, 10 महान चुनौतियों को निर्धारित किया गया है जिस पर बहुस्टेकहोल्डरों द्वारा संकेन्द्रित कार्रवाई करने की आवश्यकता है:

1. पोषण सुरक्षा की गारंटी देना और महिलाओं एवं बच्चों में रक्त अल्पता को दूर करना,
2. सभी नदियों और जल निकायों में जल की मात्रा एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करना,
3. हमारे देश के आकार के अनुपात में महत्वपूर्ण संसाधनों को सुरक्षित करना
4. सभी को शिक्षार्थी केन्द्रित, भाषा निरपेक्ष एवं संपूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना,
5. राष्ट्रीय जलवायु स्वरूपों को समझना और उन्हें अपनाना
6. भारत को जीवाश्म ईंधन मुक्त देश बनाना
7. लेह एवं तवांग तक रेलवे का विस्तार करना
8. स्थान एवं क्षमता निर्वाचक निरपेक्ष एवं वित्तीय सशक्तिकरण सुनिश्चित करना
9. सभी के लिए वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य विकेन्द्रीकृत एवं वितरित ऊर्जा विकसित करना
10. सर्वव्यापी पर्यावरण अनुकूल अपशिष्ट प्रबंधन का सशक्तिकरण करना

(ग ) और (घ ): मंत्रालय उन विभिन्न स्टेकहोल्डरों के लिए टी वी 2035 प्रलेख का प्रचार-प्रसार कर रहा है जो अपनी नीतियां एवं कार्यनीतियां बनाने में इस प्रलेख का उपयोग करेंगे।

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या** 3086
बुधवार, 16 मार्च, 2016 को उत्तर देने के लिए
**अनुसंधान केंद्रों के रूप में विश्वविद्यालय**

**3086. श्रीमती संतोष अहलावत:**
**श्री सी. आर. चौधरी:**
**श्री सुमेधानन्द सरस्वती:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश के विश्वविद्यालयों में, विशेषकर विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और विकास कार्यों का अभाव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या विश्वविद्यालयों को अनुसंधान केंद्रों के रूप में विकसित करने संबंधी कोई प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास विचाराधीन है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थाओं की संख्या में वृद्धि करने, पाठ्यक्रम को अद्यतन और आकर्षक बनाने पर विचार कर रही है ताकि इस क्षेत्र की ओर विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित किया जा सके; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन संस्थाओं को कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ?

**उत्तर**
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री वाई. एस. चौधरी)

(क) जी नहीं। देश के विश्वविद्यालयों में विशे-कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और विकास कार्यों का अभाव नहीं है। देश में विश्वविद्यालय सेक्टर में अनुसंधान का जीर्णोद्धार करने के लिए सरकार की अनेक पहलों के परिणामस्वरूप अनुकूल परिणाम प्राप्त हुए हैं। वैज्ञानिक प्रकाशनों में विश्वविद्यालय सेक्टर की रा-ट्रीय भागीदारी व-र् 2003 में लगभग 15 प्रतिशत की तुलना में व-र् 2010 में बढ़कर 31 प्रतिशत हो गई है। विश्वविद्यालयों से उद्योग और शिक्षा के महत्वपूर्ण संबंधों के बारे में बताया गया है। हाल की रिपोर्ट यह बताती है कि शी-र् के दस भारतीय शैक्षणिक संस्थान, जिनका अनुसंधान में कारपोरेट सहयोगियों तक विस्तार हो रहा है, में से छह विश्वविद्यालय हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की विश्वविद्यालयों और उच्च शैक्षणिक संस्थानों में एस एण्ड टी अवसंरचनाओं के प्रोन्नयन के लिए निधि (फिस्ट) और विश्वविद्यालय अनुसंधान और वैज्ञानिक उत्कृ-टता का संवर्द्धन (पर्स) कार्यक्रमों के माध्यम से अनुसंधान अवसंरचना के उन्नयन के लिए विश्वविद्यालयों/उच्च शैक्षणिक संस्थानों को पर्याप्त निधि प्रदान की गई है।

जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने विश्वविद्यालयों में जीव विज्ञान विभागों के स्तरोन्नयन/पुनः इंजीनियरिंग/पुनःमाडलिंग/सृजन के द्वारा उन्नत शिक्षा और अनुसंधान के लिए डीबीटी-बिल्डर (डीबीटी-शिक्षा और अनुसंधान के लिए जीव विज्ञान के विश्वविद्यालय अंतर वि-नयक विभाग) की शुरूआत की है।

(ख) और (ग) सरकार ने उन्नत अनुसंधान के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों में रा-ट्रीय हित के विशि-ट क्षेत्रों में अनेक उत्कृ-टता केन्द्रों की स्थापना की है।

(घ) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय देश में विज्ञान और अनुसंधान संस्थानों की संख्या में वृद्धि करने का विचार नहीं कर रहा है। यद्यपि शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम को अद्यतन करना सीधे तौर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत नहीं आता है। जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) ने डीबीटी समर्थित पीजी शिक्षण कार्यक्रमों (एम.एससी./एम.टेक/एम.वीएससी) के लिए मॉडल पाठ्यक्रम विकसित किया है। डीबीटी द्वारा मॉडल पाठ्यक्रम में संशोधन और पुनर्गठन पिछली बार व-र् 2008-09 के दौरान किया गया था।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

***

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या** 3090
बुधवार, 16 मार्च, 2016 को उत्तर देने के लिए

**गैर–सरकारी संगठनों को सहायता**

**3090. श्री तारिक अनवर:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन योजनाओं के नाम क्या हैं जिनके लिए गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) को सहायता दी जा रही है;
(ख) गत दो वर्षों के दौरान एनजीओ को दी गई सहायता का योजना-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या एनजीओ समुचित रूप से कार्य कर रहे हैं; और
(घ) यदि नहीं, तो ऐसे एनजीओ के नाम क्या हैं और उन पर क्या कार्रवाई की गई है ?

**उत्तर**
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री वाई. एस. चौधरी)

(क) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रोत्साहन के लिए सामाजिक-आर्थिक विकास योजनाओं तथा वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) की महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास और उपयोगिता कार्यक्रम (टीडीयूपीडब्ल्यू) के अन्तर्गत गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) को अनुदान सहायता प्रदान करता है।

(ख) गत दो व-र्ों के दौरान एनजीओ को प्रदान की गई सहायता का योजना-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग) जी, हां।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

***

**गत दो व-र्ों के दौरान गैर-सरकारी संगठनों(एनजीओ)को प्रदान की गई सहायता का योजना-वार ब्यौरा :**

| क्रम सं. | स्कीम का नाम | एनजीओ को प्रदान की गई सहायता की राशि (रू. करोड़ में) | |
|---|---|---|---|
| | | 2013-14 | 2014-15 |
| 1. | महिलाओं के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी | 1.20 | 1.08 |
| 2. | अपंग और वृद्धों के लिए प्रौद्योगिकीय सहयोग (टीआईडीई) | 0.26 | 1.26 |
| 3. | अनुसूचित जाति उप योजना (एससीएसपी) | 1.80 | 1.92 |
| 4. | ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रौद्योगिकीय उन्नति (टीएआरए): दीर्घावधि मुख्य सहायता | 6.50 | 6.15 |
| 5. | जनजातीय उप योजना | 1.18 | 3.40 |
| 6 | महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास और उपयोगिता कार्यक्रम (टीडीयूपीडब्ल्यू)-डीएसआईआर | 0.67 | 0.85 |

***

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या** 3111
बुधवार, 16 मार्च, 2016 को उत्तर देने के लिए

**भारत–फ्रांस समझौता**

**3111. श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:**
**श्री नागेन्द्र कुमार प्रधान:**
**श्री धर्मेन्द्र यादव:**
**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:**
**श्री विनायक भाऊराव राऊत:**
**श्री राहुल शेवाले:**
**श्री आधलराव पाटील शिवाजीराव:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत और फ्रांस ने हाल ही में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग संबंधी भारत-फ्रांस संयुक्त समिति की स्थापना के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ग) क्या अनुसंधान, विकास और नवोन्मेष के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए दोनों देश शीघ्र ही कार्य करेंगे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) दोनों देशों के इससे किस प्रकार और किस सीमा तक लाभान्वित होने की संभावना है; और

(ङ) समझौते पर क्रियान्वयन कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है ?

**उत्तर**
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री वाई. एस. चौधरी)

(क) जी, नहीं। तथापि भारत और फ्रांस ने 18 जुलाई, 1978 को दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित किए गए अंतर-सरकारी करार के अंतर्गत और पेरिस में 11 अप्रैल, 2015 को आयोजित फ्रांस गणराज्य के रा-ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री के बीच शिखर सम्मेलन के पश्चात जारी संयुक्त घो-णा के अनुसरण में 25 जनवरी, 2016 को विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग (जेसीएसटीसी) से संबंधित भारत-फ्रांस संयुक्त समिति की स्थापना हेतु करार पर हस्ताक्षर किए।

(ख) और (ग) करार के अंतर्गत दोनों देश ज्ञान सृजन, अनुसंधान, विकास और नवोन्मे-ा के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक विकास को प्राप्त करने के उद्देश्य से विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मे-ा में भारत-फ्रांस सहयोग के लिए प्राथमिकताओं की पहचान करने, सहयोग और निर्धारण करने के लिए मिलकर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जेसीएसटीसी भारत-फ्रांस विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मे-ा सहयोग को सूकर बनाने के लिए समीक्षा करेगा तथा साथ ही प्रचालनात्मक रीतियों के संबंध में सिफारिशें भी प्रदान करेगा।

(घ) यह करार भारत-फ्रांस विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मे-ा सहयोग को व्यापक बनाने के लिए रा-ट्रीय प्रणालियों और संसाधनों के स्तरोन्नयन द्वारा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग अनुसंधान के क्षेत्रों में उन्नत समान्य रा-ट्रीय लक्ष्यों को सूकर बनाने में सहायता प्रदान करता है। यह आर्थिक और सामाजिक लाभ के लिए ऐसे सहयोग के वैज्ञानिक परिणामों के अनुप्रयोगों को भी प्रोत्साहित करेगा;

(ङ) इस करार के अंतर्गत भारत और फ्रांस में प्रत्येक दो व-र्ा में एक-एक बार बारी-बारी से अथवा दोनों पक्षों के द्वारा पारस्परिक रूप से यथानिर्णित वीडियो कान्फ्रेंसिंग जैसे अन्य उपयुक्त संचार माध्यमों के जरीए जेसीएसटीसी की बैठक की व्यवस्था का प्रावधान है।

***

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या** 3112
बुधवार, 16 मार्च, 2016 को उत्तर देने के लिए

**डी.वी.ओ. को अनुदान**

**3112. श्री सदाशिव लोखंडे:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वे मंडलीय स्वैच्छिक संगठन जो सरकार से अनुदान प्राप्त करते हैं, के क्या नाम है;
(ख) आज की तिथि के अनुसार गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक मंडल के द्वारा जिनके प्रस्तावों को अनुमोदन प्राप्त हो गया है, के नाम क्या है;
(ग) प्रस्ताव के अनुमोदन हेतु क्या मानदंड अपनाए गए हैं; और
(घ) अनुमोदित प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री वाई. एस. चौधरी)

(क), (ख) और (घ ): स्वैच्छिक संगठन (वी ओ ) जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग से अनुदान प्राप्त करते हैं और जिनके प्रस्ताव को विगत तीन वर्षों के दौरान आज तक की स्थिति के अनुसार अनुमोदित किया गया है, के नाम अनुलग्नक में दिए गए हैं।

(ग ): वित्तीय सहायता के लिए स्वैच्छिक सगठनों से विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग को प्राप्त प्रस्तावों को अनुमोदित करने के लिए अपनाए गए मानदंडों में इस प्रयोजनार्थ बनाए गए प्रोफॉर्मा के अनुसार इसकी शुद्धता एवं पूर्णता की जांच किया जाना शामिल है। आवेदन की जांच यह सुनिश्चित करने के लिए भी की जाती है कि यह पात्रता मानदंडों को पूरा करता है कि इन स्वैच्छिक संगठनों को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत किया जाना चाहिए और इन न्यासों को भारतीय न्यास अधिनियम 1982 अथवा चेरिटेबल अथवा धार्मिक अधिनियम 1920 अथवा संबंधित राज्य अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किया जाना चाहिए। इसे इनके पंजीकरण और वार्षिक लेखा विवरण एवं तुलन पत्र के बाद न्यूनतम 3 वर्षों से अस्तित्व में होना चाहिए। संगठन से प्राप्त प्रस्ताव जो उपर्युक्त मानदंडो को पूरा करता हैं और जिन्हें व्यवस्थित पाया गया है, को समकक्ष समीक्षा के लिए भेजा जाता है। कुछ मामलों में, प्रस्ताव का मूल्यांकन करने के लिए विषय विशेषज्ञों द्वारा कार्य स्थलों का दौरा भी किया जाता है। इसके बाद प्रस्तावों के साथ-साथ विशेषज्ञों की टिप्पणियों की जांच इस प्रयोजनार्थ गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा की जाती है। प्रस्ताव के प्रधान अन्वेषक को भी विशेषज्ञ समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण के लिए बुलाया जा सकता है। इसके बाद, अनुशंसित मामलों को वित्तीय सहमति के लिए प्रस्तुत किया जाता है।

**विगत तीन वर्षों में स्वैच्छिक संगठनों को वित्तपोषित प्रोजेक्टों की सूची दर्शाने वाला विवरण :**

**दिशा और टाइड** 2015–2016

| **क्रम सं.** | **स्वैच्छिक संगठन के नाम एवं प्रोजेक्ट का शीर्षक** |
|---|---|
| 1. | महाराष्ट्र, श्रमजीवी जनता सहायक मंडल, महाराष्ट्र में सतारा जिले के पटना ब्लॉक में ग्रामीण महिला प्रौद्योगिकी |
| 2. | होमस्टीडगार्डन, बेक यार्ड पोल्ट्री, रेडी टू कूक कंपलीमेन्ट्री फूड्स एंड आई ई सी, डंगोरिया चेरिटेबल ट्रस्ट, हैदराबाद के माध्यम से आई सी डी एस में कार्य करने वाले बच्चों एवं महिलाओं के भोजन को समृद्ध करना । |
| 3. | केंगेरि होबली, बंगलौर, ऋषि फाउंडेशन, बंगलौर-560060 के चुनिंदा राजस्व ग्रामों की चुनिंदा अर्द्ध-ग्रामीण गरीब महिलाओं की संवर्द्धित पोषणीय एवं वित्तीय स्थिति के लिए स्थायी खाद्य सामग्री एवं इसके उपयोग में सूक्ष्म पोषक तत्वों को संवर्द्धित करने वाले पेटेंटयुक्त सूत्र का अनुप्रयोग, दुहराव, वैज्ञानिक वैधीकरण एवं उन्नयन । |
| 4. | ग्रामीण महिला प्रौद्योगिकी पार्क, केरल ग्रामीण विकास एजेंसी, कोल्लम, केरल |
| 5. | स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा, बंगलौर को पुनजीर्वित करने के लिए हरित प्रौद्योगिकी, फाउंडेशन के माध्यम से कर्नाटक के चुनिंदा गांवों में महिलाओं का आजीविका संवर्द्धन । |
| 6. | महिला प्रौद्योगिकी पार्क, वर्धा जिला, महाराष्ट्र, मगन संग्रहालय समिति, वर्धा-442001, महाराष्ट्र। |
| 7. | तिरूवनतपुरम जिला में लघु एवं सीमांत महिला डेयरी कृषकों में वैज्ञानिक चारा कृषि संवर्द्धन। मित्र निकेतन, तिरूवनंतपुरम -695543 |
| 8. | अपशिष्ट से धन स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर मशरूम कृषि : एक व्यावहारिक दृष्टिकोण, शक्ति, कोची-682018 |
| 9. | पशुओं के समुचित प्रबंधन और प्रजनन गुणवत्ता सुधार को प्रोत्साहित कर तीन गांवों के स्वसहायता समूह सदस्यों का आजीविका संवर्द्धन। शासिकाश्रय सांस्कृतिक कला, गांधीनगर, घटांजी-445301 (एम एस ) |
| 10. | राजस्थान के कोटा जिले में डिगोड ब्लॉक सुल्तानपुर में ग्रामीण महिला प्रौद्योगिकी पार्क, सोसायटी फॉर इनवायरनमेंट एवं डवलपमेंट नगर, दिल्ली-110092 । |
| 11. | पवगाड़ा तालुक के ग्रामीण क्षेत्रों में जूट एवं सूती हस्तशिल्प के माध्यम से रोजगार एवं आय सृजन अवसरों द्वारा दुर्बल प्रवासी महिलाओं के लिए स्थायी आजीविका सशक्तिकरण, ग्रामीण शिक्षा एवं विकास सोसायटी, टूमकूर जिला कर्नाटक । |
| 12. | कृषि संबद्ध सूक्ष्म एवं लघु उद्यम विकास के माध्यम से केरल के कंजिरापल्ली, रन्नी और पथानमथिटा तालुकों के ग्रामीण एवं अर्द्ध शहरी क्षेत्र में महिलाओं के संपूर्ण सशक्तिकरण के लिए ग्रामीण महिला प्रौद्योगिकी पार्क, पीरमेड डिवलपमेंट सोसायटी इडुक्की । |
| 13. | शिवपुरी जिला मध्यप्रदेश में महिलाओं में सूक्ष्मपोषक कुपोषण को कम करने के लिए अन्य कार्यनीतियों के रूप में घरेलू बागवानी, शक्तिशाली महिला संगठन । |
| 14. | महिलाओं के लिए पूरक आय के लिए मानकीकृत मूल्य संवर्द्धित कटहल उत्पाद, शांतिग्राम, तिरूवनंतपुरम-695526 |
| 15. | घरेलू पोषक सुविधाओं का उपयोग कर और स्वास्थय एवं पोषण संबंधी ज्ञान संवर्द्धन करके स्वास्थ्य पोषक स्थितियों में सुधार करना, कार्य अनुसंधान एवं प्रलेखन केन्द्र, भुवनेश्वर-751030-ओडीशा। |
| 16. | कुल्लू घाटी, हिमाचल प्रदेश में गरीब स्वसहायता महिला समूहों में वाइल्ड रोज हिप्स एवं प्रोमोशन, एक स्थायी आजीविका के लिए फसल पश्च प्रौद्योगिकी का मानकीकरण, जागृति, |

| | |
|---|---|
| | कुल्लू। |
| 17. | ग्रामीण महिलाओं की स्वास्थ्य एवं पोषण स्थिति : संगारेड्डी, मेडक और सिड्डीपेट प्रभाग: मेडक जिला, में आई सी डी एस और गैर-आई सी डी एस क्षेत्रों की महिलाओं का तुलनात्मक अध्ययन, ग्रामीण विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी सोसायटी, मेडक जिला, आंध्रप्रदेश । |
| 18. | उत्तरी भारत में विटामिन डी के पूरक अवयवों का उपयोग कर और जीवन शैली सुधार के माध्यम से मधुमेह पूर्व महिला रोगियों में टाईप 2 मधुमेह का निवारण (प्रीवेन्ट-विन स्टडी, डाइवेटीज फाउंडेशन (इंडिया और फोटिस हॉस्पीटल, नई दिल्ली-110016 |
| 19. | सोनाबाड़ी ग्राम, भूरबंडा ब्लॉक, मोरी गांव जिला, असम में महिला प्रौद्योगिकी पार्क (ब्लॉक जिला, राज्य सहित , स्थायी विकास संसाधन केन्द्र, गुवाहाटी – 781007 |
| 20. | समेकित शुद्धजल जलकृषि रामकृष्ण सेवाश्रम, भदरक, उड़ीसा-756121 के माध्यम से उडीसा के भदरक जिले के पिछड़े समुदायों की ग्रामीण महिलाओं का आर्थिक एवं आजीविका विकास । |
| 21. | स्थायी कृषि के लिए वायनाड जिले में प्रमुख नकदी फसलों के गुणवत्तापूर्ण पौधरोपण सामग्री निर्माण, संग्रहण एवं प्रसंस्करण केन्द्रों के लिए महिला एस एच जी आधारित उद्यमों की स्थापना" मालाबार सामाजिक सेवा सोसायटी, कन्नूर-670004, केरल । |
| 22. | प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकीय सहयोग के माध्यम से वृद्ध व्यक्तियों का स्वास्थ्य देखभाल, बापू नेचर क्योर होस्पिटल एवं योगाश्रम, नई दिल्ली-110091 |
| 23. | दृष्टि विकलांग शिक्षा के लिए इन्टरलाइन ब्रेल लेखन स्लेट का निर्माण, मदर मेरी एडुकेशनल ट्रस्ट, डिंडीगुल |
| 24. | ग्रामीण उद्यम उन्नयन, सीटीडी, सेस, नई दिल्ली-110017 |

2014–2015

| | |
|---|---|
| 25. | प्रतिरोधी स्टार्च ओर स्वास्थ्य संबंधी इसके लाभों पर विशेष जोर देते हुए पारंपरिक एवं प्रसंस्कृत भारतीय खाद्य पदार्थों का कार्बोहाइड्रेट प्रलेखीकरण- महिला उद्यमियों का उद्भव मद्रास मधुमेह अनुसंधान फाउंडेशन, चैन्नई-600086 |
| 26. | भारतीय महिला वैज्ञानिक : जीवन एवं उपलब्धियां डा. साउण्ड पिक्चर फॉर रिसर्च ऑन विमेन (स्पेरो ) मुंबई-400061, महाराष्ट्र। |
| 27. | गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान केन्द्रित करते हुए यूरिनरी फ्लूओराइट लेवल निर्धारित करने के लिए सरल, प्रयोक्ता अनुकूल क्षेत्र जांच किट का निर्माण, डेवलपमेंट अल्टरनेव्सि, नई दिल्ली । |
| 28. | महाराष्ट्र केयावतमल जिले में युवा जनजातीय महिलाओं में रक्तअल्पता रोग के निवारण के लिए समुदाय आधारित दृष्टिकोण विकसित करना, धर्ममित्र, वर्धा-442001 |
| 29. | स्थायी कृषि के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति एवं दलित ग्रामीण कृषक भागीदारीपूर्ण कार्यक्रम । ग्रामीण विकास केन्द्र एवं परामर्शी सोसायटी (सी आर डी सी ) डाकघर-थाली, चाकसू । |
| 30. | किफायती स्वच्छता नेपकिंस केन्द्र की स्थापना के माध्यम से ग्रामीण समुदाय का सशक्तिकरण, हेसको देहरादून-248001 |
| 31. | इसके मूल्य संवर्द्धन के लिए वेटल वाइन की वैज्ञानिक उपचार पद्धतियों के अनुप्रयोजन से महिला बेटेल वाइन कृषक (उड़ीसा का ईरसामा ब्लॉक ) का आजीविका पुनरूद्धार। |
| 32. | महिला स्वसहायता समूहों के माध्यम से शूट टिप कल्चर और विपणन के माध्यम से केला का बृहद् उत्पादन। पूर्वोत्तर विकास सोसायटी, गुवाहाटी-781001, असम |
| 33. | सूती निटवीयर अपशिष्ट से किफायती स्वच्छता नेपकिन्स का उत्पादन एवं विपणन, बैफ विकास अनुसंधान फाउंडेशन, पुणे । |

| | |
|---|---|
| 34. | कपास की रूई के अवशेष का उपयोग कर महिलाओं के लिए किफायती स्वच्छता नेपकिन का निर्माण । सेवा अहमदाबाद-380018 |
| 35. | विदर्भ क्षेत्र के वर्धा जिले में तीन तालुकों के चुनिंदा गांवों में ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी से सूक्ष्म बागवानी तकनीक का उपयोग कर किचन गार्डन का विकास, सामुदायिक कल्याण के लिए प्राकृतिक संगठन, वर्धा-442001 |
| 36. | किफायती स्वच्छता नेपकिन के उत्पादन एवं जागरूकता में उन्हें शामिल करके स्वास्थ्य एवं आय सृजन के रूप में ग्रमीण महिलाओं को बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराना। सोसायटी फॉर टेक्नोलॉजी एंड डेवलपमेंट, मंडी-175006 |
| 37. | कांचीपुरम, तमिलनाडु में जैविक कृषि संवर्द्धन के लिए महिला प्रौद्योगिकी पार्क, भारतीय ज्ञान तंत्र केन्द्र, तमिलनाडु । |
| 38. | समेकित फल प्रसंस्करण सह विकास के माध्यम से सुदूर गढ़वाल हिमालय में एस एंड टी आधारित विकास के लिए नवोन्मेषी दृष्टिकोण, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं विकास महल, नई दिल्ली। |
| 39. | श्री भगवती नंदर, सोशल एक्शन फॉर रूरल एडवांसमेंट सोसायटी, सीकर, राजस्थान के मार्गदर्शन में सोलर इलेक्ट्रॉनिक तकनीकी कौशल प्रदान कार्यशाला के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं का सशक्तिकरण |
| 40. | उड़ीसा में प्राचीन ग्रामीण जनजातीय महिलाओं के लिए किचन गार्डन और जड़ी-बूटी, उपचार कोवेनेंट सेन्टर फॉर डेवलेपमेंट (सी सी डी ), छत्तीसगढ़-491001 |
| 41. | सौर शुष्मकों एवं उपयुक्त पैकेजिंग में वाणिज्यिक प्रचालनों के लिए हिमालयी क्षेत्र में उत्पादित फलों का विकास,ऊर्जा, पर्यावरण एवं विकास सोसायटी, हैदराबाद-500003 |
| 42. | सौर शुष्मकों एवं उपयुक्त पैकेजिंग में वाणिज्यिक प्रचालनों के लिए हिमालयी क्षेत्र में उत्पादित फलों का विकास,ऊर्जा, पर्यावरण एवं विकास सोसायटी, हैदराबाद-500003 |
| 43. | साबुन के रूप में निर्मित जैव कृमिनाशक तेलों का निर्माण एवं क्षेत्र जांच : तमिलानाडु में प्रायोगिक परियोजना, भारतीय ज्ञान तंत्र केन्द्र, चैन्नई-600085, तमिलनाडु |
| 44. | तमिलनाडु के महिला डेयरी किसानों की कृषि आय में सुधार करने के लिए चारा नवोन्मेष कार्य संचालन, ए एम ई, फांउडेशन, कर्नाटक । |
| 45. | नीलकंठ न्याय पांचायत, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड के महिला समूहों के लिए आय सृजन क्रियाकलाप के रूप में ग्रामीण बैकरी को प्रोत्साहन, सोसायटी फॉर पीपुल्स इकोनोमिक डेवलेपमेंट, देहरादून । |
| 46. | वृद्ध एवं विकलांग व्यक्तियों के लिए कैरम बोर्ड, मदर मेरी एडुकेशनल ट्रस्ट, डिंडिगुल जिला-624004 तमिलनाडु । |

2013–2014–**एस सी एस पी**

| | |
|---|---|
| 1. | आजीविका के लिए आलू पापड़/संबंधित उत्पाद प्रक्रिया मानकीकरण के लिए अन्वेषणात्मक अनुसंधान प्रोजेक्ट, द्रोपदी ड्रीम ट्रस्ट, नई दिल्ली |
| 2. | कांचीपुरम में जैविक कृषि संवर्द्धन के लिए महिला प्रौद्योगिकी पार्क, भारतीय ज्ञान तंत्र केन्द्र, चैन्नई। |
| 3. | उत्तरी भारत में विटामिन डी पूरक अवयव के उपयोग एवं जीवनशैली बदलाव के जरिए मधुमेह पूर्व रोज वाली महिलाओं में टाईप 2 मधुमेह का निवारण (प्रीवेंट-विन स्टडी ) मधुमेह फाउंडेशन नई दिल्ली (भारत ) |
| 4. | उत्तरकाशी जिले के मनेरी भाली बांध प्रभावित धनारी पट्टी गांवों में डेयरी विकास के लिए चारा |

| | |
|---|---|
| | विकास के माध्यम से आजीविका संवर्द्धन और कठिनाई न्यूनीकरण, संकल्प सामाजिक संस्था, उत्तराखंड । |
| 5. | शहरी एवं ग्रामीण अंतर को समाप्त करने सबंधी भारत –यू के सहयोगात्मक अनुसंधान पहल के अंतर्गत ग्रामीण संकर ऊर्जा-उद्यम तंत्र (आर एच ई ई एस ) प्रौद्योगिकी सूचना विज्ञान डिजाइन प्रयास (टाइड ) # 19, 9वां क्रास, मल्लेश्वरम, बंगलौर-560003 |
| 6. | महिला स्वसहायता समूहों के माध्यम से शूट टिप कल्चर और विपणन के माध्यम से केला का वृहत स्तर पर उत्पादन, पूर्वोत्तर विकास सोसायटी, सरस्वती मार्केट , द्वितीय मंजिल, जसवंत रोड, पान बाजार, गुवाहाटी-781001, असम |
| 7. | अपशिष्ट कागज पुन: चक्रण प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग के द्वारा अगातश्वरम ब्लॉक की ग्रामीण बेरोजगार महिलाओं के लिए स्थायी आजीविका, सामाजिक विकास सोसायटी तमिलनाडु |
| 8. | श्रृंगारिक एवं समेकित मात्स्यिकी के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के लिए परिवार आधारित आर्थिक सुरक्षा, सर्वाइड फाउंडेशन, महाराष्ट्र । |
| 9. | सूक्ष्म जैविक टीकाओं के माध्यम से वर्मी कंपोस्ट का मूल्य संवर्द्धन, प्राकृतिक जीव वैज्ञानिक संसाधन एवं सामुदायिक विकास केन्द्र, कर्नाटक । |
| 10. | चुनिंदा औषधीय पौद्यों में अधिप्रमाणन क्षेत्र किटों और अर्द्ध परिमाणात्मक सक्रिय अवयवों का निर्माण, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा पुनर्जीवीकरण फाउंडेशन, कर्नाटक |
| 11. | पर्यावास सेवाओं में ग्रामीण महिलाओं के क्षमता निर्माण के लिए अखिल भारतीय समन्वित प्रोजेक्ट, डेवलपमेंट अलटरनेटिव्स, नई दिल्ली। |
| 12. | घरेलू गार्डन, पूरक भोजन निर्माण के लिए सुलभ बेकयार्ड पोल्ट्री और आई ई सी के माध्यम से आई सी डी एस में कार्यरत बच्चों एवं महिलाओं के भोजन को समृद्ध करना, हैदराबाद, आंध्र प्रदेश । |
| 13. | वीरभूम जिला, पश्चिम बंगाल में संवर्द्धित रीलिंग मशीन के साथ जनजातीय महिलाओं द्वारा कच्चे सिल्क का उत्पादन सह प्रशिक्षण, श्री अरबिन्दों अनुशीलन सोसायटी, पश्चिम बंगाल । |
| 14. | गुजरात में एंडी रेशम का कोकून पश्च प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार 11 खादी ग्रामोद्योग प्रयोग समिति, गुजरात |
| 15. | प्रतिरोधी स्टार्च और स्वास्थ्य संबंधी इसके लाभों पर विशेष जोर देते हुए पारंपरिक एवं प्रसंस्कृत भारतीय खाद्य पदार्थों का कार्बोहाइड्रेट प्रलेखन-महिला उद्यमियों का उद्भव " मद्रास मधुमेह अनुसंधान फाउंडेशन, चैन्नई-600086 |

2013–2014 **एस सी एस पी**

| | |
|---|---|
| 16. | प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण जीवन स्तर सुधार, समेकित ग्रामीण विकास एवं प्रबंधन (आई आर डी एम ), रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विश्वविद्यालय (आर के एम वी यू ), कोलकाता-700103 |
| 17. | कौशल संवर्द्धन एवं आजीविका सहायता के माध्यम से सागर द्वीप, दक्षिण 24 परगना, पश्चिम बंगाल के निर्धारित गांवों में अनुसूचित जाति समुदाय का सामाजिक-आर्थिक उम्थान। परिवेश उन्नयन परिषद (पी यू पी ए ), कोलकाता-700032, पश्चिम बंगाल । |
| 18. | वैज्ञानिक सहयोग से मौजूदा कौशल के वैधीकरण के माध्यम से सुंदरवन में पारंपरिक मछुआरों का आजीविका संवर्द्धन। इन्द्रनारायणपुर नजरूल समिति संघ (आई एन एस एस ), जिला 24 परगना-743349, पश्चिम बंगाल । |
| 19. | क्षमता निर्माण और प्रौद्योगिकीय सशक्तिकरण के माध्यम से स्थायी आजीविका। नयनतारा मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट। कोलकाता-700020, पश्चिम बंगाल । |

| | |
|---|---|
| 20 | आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों का धारणीय विकास। बेलूनी जनकल्याण संघ, जिला दक्षिण 24 परगना-743399, पश्चिम बंगाल। |
| 21 | सिलेज और लेगूम लीफ मील बनाते हुए खाद्य संरक्षण और भण्डारण। टीवीएस शैक्षणिक सोसाइटी, जयलक्ष्मी एस्टेट, चैन्नै-600006 |
| 22 | बकरी और सूअर पालन प्रशिक्षण स्कूल और संसाधन सरक्षण प्रौद्योगिकियों(आरसीटी) के माध्यम से जीविका विकास। श्रम भारती खादीग्राम, बिहार-811313। |
| 23 | जिला देहरादून, उत्तराखण्ड के साहपुर ब्लॉक के अ.जा. प्रधान गांवों में उन्नत प्रौद्योगिकी पैकेज के माध्यम से बैकयार्ड में सब्जी पैदा करना। हिमालयी पर्यावरणीय अध्ययन और संरक्षण संगठन (एचईएससीओ) देहरादून-248001 |
| 24 | राजस्थान के सुखा पीड़ित क्षेत्र में अ. जाति के छोटे किसानों के द्वारा उन्नत कृनि और व-र्ा जल संचयन के लिए एसएण्डटी आधारित सहयोग के प्रदर्शन की शुरूआत। मर्यादा सेवा संस्थान, भागाकोट, बांसवाडा-327001, राजस्थान। |
| 25 | जैव-उर्वक (अजोला) और आर्गेनिक खाद (वर्मी कम्पोस्ट) के उत्पादन और अनुप्रयोग द्वारा कन्याकुमारी जिला के अनुसूचित जाति वाली जनसंख्या का आजीविका विकास। सोसाइटी फॉर सोशल डेवलेपमेंट (एसओएसओडी), तमिलनाडु-6297041 |
| 26 | राजस्थान के झुंझूनू जिला में अनुसूचित जाति के किसानों के लिए उन्नत पशुपालन सहित नवोन्मे-ी बागवानी पद्धतियां, संशोधित कृनि प्रौद्योगिकियों के विकीर्णन के लिए समेकित अन्तक्षेपण। |
| 27 | अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए कौशल आधारित माइक्रो उद्यम विकास। पारिस्थितिकीय अनुसंधान समर्थन और अध्ययन प्रति-ठान (एफईआरएएल), तमिलनाडु |
| 28 | संसाधन प्रबंधन, प्रौद्योगिकी अंतरण और सशक्तिकरण के माध्यम से शु-क क्षेत्र में अनुसूचित जाति भी महिलाओं का विकास। स्वनियोजित महिला संघ (सेवा), अहमदाबाद, 380001, गुजरात। |
| 29 | संसाधनों और कुशलताओं के धारणीय और समेकित उपयोग के लिए तकनीकी सहयोग के माध्यम से एससी समुदाय की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का संवर्द्धन। मध्य प्रदेश विज्ञान सभा, भोपाल-462021, मध्य प्रदेश। |
| 30 | संसाधन प्रबंधन, एस एण्ड टी सहयोग और सशक्तिकरण के माध्यम से एस सी समुदाय का समेकित विकास। पर्यावरण और विकास सोसाइटी (एसईडी), दिल्ली। |
| 31 | पूर्वोत्तर क्षेत्र में एस टी केन्द्रीत प्रतिभागिता विकास और शांति कार्य। तमुलपुर आंचलिक ग्रामदान संघ, असम। |
| 32 | अनुसूचित जाति और जनजाति की ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए ग्रामीण संसाधन और उपयुक्त प्रौद्योगिकी का उपयोग। उद्योग विकास, भुवनेश्वर, उड़ीसा। |
| 33 | प्रौद्योगिकीय सहयोग के माध्यम से एस सी समुदाय का सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण। ग्रामीण एडवांस्मेट सोसाइटी के लिए सोशल एक्शन (सारा), राजस्थान। |
| 34 | शु-क क्षेत्र में अनुसूचित जाति समुदाय के लिए समेकित विकास प्रोजेक्ट। यूआरएमयूएल, |

| | |
|---|---|
| | ग्रामीण स्वास्थ्य अनुसंधान और विकास ट्रस्ट, बिकानेर-334001, राजस्थान। |
| 35 | हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिला के पर्वतीय फार्मों में ग्रामीण जनसंख्या के बीच फसल और सब्जी फसल के उन्नत पैकेज के आमेलन के माध्मम से खाद्य और जीविका सुरक्षा का संवर्द्धन। मानव समावेशन के माध्यम से सामाजिक जागरूकता, हिमाचल प्रदेश । |
| 36 | बेलगाम जिला, कर्नाटक के काटेगेरी अनुसूचित जाति कलोनी, अथिनी में सामाजिक-आर्थिक उद्यम। विमोचना देवदासी पुनस्वस्ती संघ अथानी, कर्नाटक। |
| 37 | बागेश्वर के कापकोट ब्लाक में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग के माध्यम से अनुसूचित जाति समुदाय के स्तरोन्नयन हेतु मधुमक्खी पालन और विकास। पर्यावरण संरक्षण के लिए हिमालयी संगठन, उत्तराखंड। |
| 38 | संसाधन प्रबंधन, प्रौद्योगिकी अंतरण और सशक्तिकरण के माध्यम से मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र की अनुसूचित जाति समुदाय का आर्थिक विकास। उन्नत अनुसंधान और विकास केन्द्र, मध्य प्रदेश। |
| 39 | प्रौद्योगिकी सहयोग के माध्यम से येलांदुर तालुक, चामराज नगर जिला, कर्नाटक के आंबले (द्वितीय गांव में अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय की जीविका और रहन-सहन संबंधी स्थितियों में सुधार। विवेकानद ट्रस्ट, बोगादी, मैसूर। |
| 40 | मंगलापुरम गांव, चल्लापली मण्डल-कृ-ण जिला, आन्ध्र प्रदेश के एस सी समुदाय में धारणीय जीविका के लिए एस एण्ड टी आधारित माइक्रो उद्यम और पीपल आर्गेनाइजेशन को प्रोत्साहन। प्रजा प्रगति सेवा संघम (पीपीएसएस) , आन्ध्र प्रदेश। |
| 41 | उपलब्ध स्थानीय संसाधनों और उपयुक्त प्रौद्योगिकीकियों का अनुप्रयोग का उपयोग करते हुए उत्पादन इकाइयों की स्थापना करते हुए कन्नूर जिला के रमनथाली गांव में एस सी समुदाय का विकास। पटयाकूर समुदाय विकास प्रोजेक्ट, केरल-670633 |
| 42 | संसाधन प्रबंधन, प्रौद्योगिकी अंतरण और सशक्तिकरण के माध्यम से महारा-ट्र राज्य के सोलापुर जिला के अनुसूचित जाति समुदाय का विकास/ महारा-ट्र में कृ-ि नवीकरण के लिए कार्य (एएफएआरएम) पुणे-4111037 |
| 43 | वर्धा जिला महारा-ट्र में एस सी/एसटी समुदाय के पारंपरिक शहद कारीगरों के लिए उपयुक्त आनुशोंगिक जीविका कार्यक्रमों का कार्यान्वयन। |
| 44 | अमेठी में बंजर भूमि पर कृ-ि बागवानी वनीकरण/ ग्रामीण विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान(आईएसटीएआरडी), लखनऊ-226016, उत्तर प्रदेश। |
| 45 | सीलू ब्लॉक के अनुसूचित जाति समुदाय का संसाधन प्रबंधन, प्रौद्योगिकी अंतरण और सशक्तिकरण/मगन संग्रहालय समिति, कुमारप्पा मार्ग, वर्धा। |
| 46 | मेलघाट में अनुसूचित जाति (बसोड) कारीगरों के तकनीकी कौशल उन्नयन के लिए प्रोजेक्ट प्रस्ताव। सम्पूर्ण बांस केन्द्र, लवादा, जिला अमरावती, महारा-ट्र। |
| 47 | मक्का की फसलों के मूल्य संवर्द्धन के माध्यम से अनुसूचित जाति समुदाय का आय सृजन। हिमालय पर्यावरण जड़ी-बूटी कृ-ि संस्थान, उत्तराखंड |
| 48 | गंगोत्री, यमनोत्री के धार्मिक पर्यटकों द्वारा उत्पन्न ठोस कचरे का प्रबंधन और रोजगार सृजन के लिए जैविक खाद विकास हेतु इसका उपयोग। जनजाति महिला कल्याण एवं बालोत्थान समिति, उत्तराखण्ड। |
| 49 | पर्वतीय पारितंत्र में प्रौद्योगिकी अंतरण के माध्यम से एससी समुदाय के समेकित विकास के लिए समन्वय कार्यक्रम। हिमालयी पर्यावरण अध्ययन और संरक्षण संगठन |

| | |
|---|---|
| | (एचईएससीओ), ग्रामीण प्रौद्योगिकी डीलिवरी, देहरादून-248001 |
| 50 | उत्तरकाशी जिला के धनारी क्षेत्र में सब्जी वाली फसलों और फल वाले वृक्षों की कृषि के लिए समेकित प्रशिक्षण कार्यक्रम और पद्धति प्रदर्शन के माध्यम से बहुत ही कम भूमि के स्वामियों का आर्थिक उन्नयन, तरून पर्यावरण विज्ञान संस्थान, उत्तराखंड। |
| 51 | पश्चिमी महारा-ट्र के शु-क क्षेत्र में प्रौद्योगिकी इन्पुट और माइक्रो उद्यम विकास के माध्यम से एस सी समुदाय का समावेशी विकास। एप्रोप्रिएट ग्रामीण प्रौद्योगिकी संस्थान (एआरटीआई), पुणे-4111441 महारा-ट्र |
| 52 | रामबांस कृषि और फाइबर उपयोग की नई तकनीकी के माध्यम से अनुसूचित जाति कारीगरों का सामाजिक-आर्थिक स्थिति का स्तरोन्नयन/ अमृतवाहिनी ग्रामीण विकास संस्था, अहमदनगर। |
| 53 | बांस कृषि के माध्यम से एस सी और बीपीएल परिवारों के लिए समावेशी आय वृद्धि, पर्यावरण एवं ग्रामीण विकास संस्थान, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश। |
| 54 | पाण्डिचेरी में बहूर समुदाय के ऊचीमेडू गांव में सहयोग के साथ धारणीय उद्यमों की स्थापना द्वारा एसटी समुदाय का विकास। पाण्डिचेरी विज्ञान मंच, पाण्डिचेरी-605010 |
| 2014-2015 | |
| 55 | ब्रियूड विनेगर उत्पादन और वर्मी कंपोस्टिंग के माध्यम से ग्रामीण एससी/एसटी के सशक्तिकरण के लिए धारणीय रोजगार सृजन प्रौद्योगिकी और उद्यमिता विकास केन्द्र (सीटीईडी), उत्तर प्रदेश |
| 56 | अनुसूचित जाति का जनसंख्या की जीविका सुधार के लिए प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग; बांस में सामाजिक व्यापार। स्कूमाचार सोसाइटी दिल्ली, दिल्ली-110070 |
| 57 | राजस्थान के कोटा जिला में ग्रामीण जनता के जीविका सृजन के लिए स्टेविआ रेडूडिना के कृषि और उपयोग के लिए प्रशिक्षण और प्रदर्शन/सोसाइटी फॉर एनवायरमेंट एण्ड डेवलेपमेंट (एसईडी) दिल्ली-110092 |
| 58 | तमिलनाडु के कुड्डालोर में एससी जनसंख्या के जीवन सुधार के लिए सामाजिक-आर्थिक विकास हेतु समेकित प्रौद्योगिकीय अभिगम। श्री एएमएम मुरूगप्पा चेट्टीयार अनुसंधान केन्द्र, तारामणी, चैन्ने-600113,तमिलनाडू। |
| 59 | मध्य प्रदेश के छत्तरपुर जिला के इशानगर ब्लाक और टीकम जिला के निवारी ब्लाक में अनुसूचित जाति तालीम-एससी से संबंधित मिस्त्रियों/कारीगरों के जीविका सुधार के लिए पर्यावरण अनुकूल निर्माण प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग । |
| 60 | अनुसूचित जाति जनसंख्या के जीविका सुधार के लिए प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग के अंतर्गत सीतापुर जिला में उन्नत पशुधन फीडिंग के माध्यम से एससी (तालीम-एससी) जनसंख्या का सशक्तिकरण। मानव विकास एवं सेवा संस्थान, लखनऊ226005, उत्तर प्रदेश |
| 61 | संसाधन प्रबंधन, प्रौद्योगिकी अंतरण और सशक्तिकरण के माध्यम से मध्य भारत में शु-क क्षेत्र में अनुसूचित जाति समुदायों के विकास पर प्रोजेक्ट का समन्वय (सीपी)/मगन संग्रहालय समिति, वर्धा-442001 |
| 62 | असम के सोनितपुर जिला के अनूसूचित जाति के युवाओं में जीविका अवसरों के संवर्द्धन के लिए कृषि और पशुधन में कौशल स्तरोन्नयन और उद्यमिता विकास। समेकित संसाधन प्रबंधन संस्थान, जिला-सोनितपुर, असम। |
| 63 | मिनिकाय द्वीप, लक्षद्वीप में शु-क टूना (मास्मिन) का उत्पादन और उसका मूल्यवर्द्धन |

| | |
|---|---|
| | उत्पाद। मिनिकायॅ आइलैण्ड नावल्टी मास प्रोडुसर सोसाइटी लि. (मिनिमास), ''सनोरा'' कोची, लक्षद्वीप। |
| 64 | साहू पंचायत, चंबा जिला-हिमाचल प्रदेश, की एससी महिलाओं के लिए कौशल स्तरोन्नयन और आर्थिक सशक्तिकरण। महिला विकास मंच, मोहला खुराना, हिमाचल प्रदेश। |
| 65 | प्रौद्योगिकीय सहयोग के माध्यम से एस सी समुदाय का सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण। ग्रामीण विकास सोसाइटी` लिए सामाजिक कार्य (सारा), लक्षमीपुरा, राजस्थान। |
| 66 | भोपाल जिला के फाण्डा ब्लाक के देहरी कलां गांव में अतिरिक्त जीविका उपायों के रूप में एससी जनसंख्या के लिए हल्दी और अरारोट की कृ-ि के गैर रसायन पद्धति के प्रदर्शन और बाजार संबंध । मानव कल्याण और पर्यावरण फरदरेंस सोसाइटी (एसएच डब्ल्यू ईएफ), भोपाल 462042, मध्य प्रदेश। |
| 67 | संसाधन प्रबंधन, एस एण्ड टी अन्तक्षेपण और सशक्तिकरण के माध्यम से एस सी समुदाय का समेकित विकास। पर्यावरण और विकास सोसाइटी (एसईडी), दिल्ली। |
| 68 | राजस्थान के झुंझूनू जिला में अनुसूचित जाति के किसानों के लिए उन्नत पशुपालन सहित नवोन्मे-ी बागवानी पद्धतियां, संशोधित कृ-ि प्रौद्योगिकियों के विधीर्णन के लिए समेकित अन्तक्षेपण। |
| 69 | प्रौद्योगिकी सहयोग के माध्यम से येलांदुर तालुक, चामराज नगर जिला, कर्नाटक के आंबले (द्वितीय गांव में अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय की जीविका और रहन-सहन संबंधी स्थितियों में सुधार। विवेकानंद ट्रस्ट, बोगादी, मैसूर। |
| 70 | पश्चिम बंगाल, ओडिशा और बिहार में संसाधन प्रबंधन, प्रौद्योगिकी अंतरण और सशक्तिकरण के माध्यम से अनुसूचित जाति (एस सी) समुदायों के जीविका और रहन-सहन में सुधार /विवेकानन्द ट्रस्ट, बोगादी, मैसूर। |
| 71 | असमी कुसीन 'जलपान' के प्रोत्साहन के लिए ब्रीडिंग परिप्रेक्ष्य और उपयोग खोज के साथ असम के स्वदेशी ब्रेकफास्ट चावल कृ-कों का मूल्य संवर्द्धन के रक्षोपाय/ सामाजिक-आर्थिक जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण सोसाइटी (एसएसईएपीपी)। परमानंद भवन, नागांव-782001, असम |
| 72 | माइक्रो उद्यम और उन्नत कॉटन पिकिंग प्रौद्योगिकियों के माध्यम से महिला किसान और पुरू-ा किसान का सशक्तिकरण और क्षमता निर्माण। खादी एवं ग्रामोद्योग समिति, अंबाला। |
| 73 | सीलू ब्लॉक के अनुसूचित जाति समुदाय का संसाधन प्रबंधन, प्रौद्योगिकी अंतरण और सशक्तिकरण/मगन संग्रहालय समिति, कुमारप्पा मार्ग, वर्धा। |
| 74 | विशे-ाकर भूमिहीन परिवारों के लिए गरीबी उन्मूलन में रोजगार सृजन कार्यकलापों के रूप में युवाओं के लिए एक उपाय के रूप में बकरी पालन की शुरूआत करना। हिमालयी पर्यावरण अध्ययन एवं शुरूआत करना। (हिमालयी पर्यावरण अध्ययन एवं संरक्षण संगठन) (एचईएससीओ), देहरादून-248001 |
